तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
05.05.2025	पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई। वकुलाय उपस्थित। उभय पक्ष के अधिवक्तागण की प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 151 सीपीसी वास्ते पत्रावली तलब कर शीघ्र सुनवाई करने बाबत पर पूर्व में बहस सुनी जा चुकी है। वकील अपीलांट ने अपनी पूर्व बहस में निवेदन किया कि हस्तगत मामले में पक्षकारान् के मध्य राजीनामा हो गया है। राजीनामा अनुसार रेस्पोडेंट्स द्वारा अपील स्वीकार किये जाने में अपनी सहमति जताई है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावे एवं अपील राजीनामा अनुसार स्वीकार फरमायी जावे। जवाब में रेस्पोडेंट्स अधिवक्ता ने अपील स्वीकार किये जाने में अपनी सहमति प्रदान की। उभय पक्ष के अधिवक्तागण की पूर्व बहस पर मनन किया गया। पत्रावली एवं प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया। वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत समझौता पत्र दिनांक 22.04.2025 के अवलोकन से प्रकट होता है कि उभय पक्ष द्वारा विवाद के स्थायी एवं शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु आपसी समझौता पत्र निष्पादित किया गया तथा उभय पक्ष उक्त समझौता से सहमति है। समझौता पत्र अनुसार पक्षकारान् आपस में भूमि का स्थानांतरण करना चाहते है, किंतु अपीलाधीन आदेश के प्रभाव से भूमि का हस्तांतरण नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में रेस्पोडेंट्स अधिवक्ता द्वारा भी इस पर सहमति जतायी है। लिहाजा न्याय हित में प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं अपील अपीलांट राजीनामा मुताबिक उभय पक्ष की सहमति से स्वीकार की जाती है तथा अपीलाधीन आदेश दिनांक 22 अगस्त 2024 अपास्त किया जाता है। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली मय आदेश प्रति लौटायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो। आदेश सरे ईजलास सुनाया गया। राजस्व अपील प्राधिकारी जोधपुर	

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपील संख्या 273/2024(जी.सी.एम.एस. नंबर 2024/499) बअनवान दीपसिंह बनाम गोपालसिंह इत्यादि	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए